बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग

Request for proposal

दिनांक–22, 23 एवं 24 मार्च, 2018 को गाँधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले बिहार दिवस समारोह के अवसर पर श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों को प्रदर्शित करने वाले भैतिक मॉडलों के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अहर्त्ताधारी व्यक्ति/ कम्पनी/ संस्था से दिनांक–15.03.2018 को संध्या 4:00 बजे अपराहन् तक प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें :–

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में 50,000/– (पचास हजार) रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट देना होगा, जो प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के नाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ देना होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु राजकीय/मेला/ प्रदर्शनी के कार्य अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता का एक वर्ष में न्यूनतम पचास लाख रूपये का टर्न ओवर होना चाहिए। टर्न ओवर से संबंधित सी० ए० द्वारा निर्गत अंकेक्षण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता को आई० एस० ओ० प्रमाणित फर्म होना आवश्यक है।
5. निविदादाता द्वारा पूर्व तीन वर्ष में सरकारी इवेन्ट मैनेजर का कम से कम 20 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
6. निविदादाता को GST पंजीयन संख्या एवं तीन साल का आयकर रिटर्न विवरण देना होगा।
7. निविदादाता को पैन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदा में मदवार प्रतिदिन की दर अंकित होना चाहिए।
9. निविदादाता को अपने फर्म की विशिष्टतायें सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के उपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में सीलबन्द कर जमा करना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
10. निविदा देने के उपरान्त निविदा समिति के समक्ष प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करना होगा, जिसमें प्रस्तावित मॉडल, रिसेप्शन, प्रदर्शित की जाने वाली मीडिया (Films, Sound, Clips) वितरित किये जाने वाले बुकलेट, स्टॉल का पूर्ण डिजाईन एवं सुसज्जीकरण आदि पक्षों को शामिल करना अनिवार्य होगा। जिसका प्रस्तुतीकरण अच्छा होगा सिर्फ उन्हीं फर्मो की वित्तीय निविदा खोली जाएगी।
11. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
12. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
13. दिनांक–15.03.2018 को संध्या 4:00 बजे अपराहन् तक अद्योहस्ताक्षरी के नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–16.03.2018 को पूर्वाहन् 11:00 बजे नियोजन भवन स्थित श्रम संसाधन विभाग के सभाकक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें निविदादाता भी उपस्थित रह सकते हैं। निविदा खोलने के उपरान्त निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाईन्ट प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करना होगा।

कार्य विवरणी एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट www.labour.bih.nic.in पर देखी जा सकती है।

प्रधान सचिव
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना

कार्य विवरणी

1. शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए 3000 (तीन हजार) वर्ग फीट (जिसे भौतिक स्थिति को देखकर बढ़ाया जा सकता है) में स्टॉल का निर्माण एवं उत्कृष्ट सुसज्जीकरण, फर्नीचर उपस्कर, प्रकाश प्रबंध, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया साउन्ड सिस्टम, डिस्पले सिस्टम (LED Wall) सहित दृश्य-श्रव्य माध्यमों, (ऑडियो, वीडियो, फिल्म प्रस्तुतीकरण आदि) का सृजन एवं प्रदर्शन से संबंधित सभी कार्य।
2. Levelling and Cleaning of Ground.
3. आवश्यकतानुसार बांस-बल्ली से छाकर Water Proof पंडाल निर्माण करने का कार्य।
4. जमीन पर Wooden Flooring कर सिन्थेटिक कारपेट विछान का कार्य।
5. स्टॉल के आगे फेशिया का निर्माण।
6. Plywood पी0 पी0 ओ0, रंग पेन्ट इत्यादि से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार निर्माण।
7. स्टॉल के अन्दर Plywood से Wall निर्माण कर ट्रॉसलाईट के द्वारा विभिन्न योजनाओं को दिखाने का कार्य रिसेप्शन काउन्टर का निर्माण का कार्य।
8. स्टॉल के अन्दर विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का Sculpture वर्क के द्वारा जीवंत दिखाने का कार्य।
9. एक अदद् वातानुकूलित वी0 आई0 पी0 लॉज निर्माण कराने का कार्य।
10. स्टॉल के अन्दर एवं बाहर आवश्यकतानुसार आवश्यक विद्युत सजावट करने का कार्य।
11. स्टॉल के अन्दर 42 इंच का तीन Plasma/LCD/LED T.V. लगाने का कार्य।
12. स्टॉल का उत्कृष्ट सुसज्जीकरण फर्नीचर, फिक्सचर इत्यादि की व्यवस्था का कार्य।
13. स्टॉल को प्रदर्शन अवधि में न्यूनतम दो होस्टेस की व्यवस्था सहित रिसेप्शन डेस्क का अधिष्ठापन करने का कार्य।
14. राउन्ड-द-क्लॉक सफाई की व्यवस्था करने का कार्य।
15. प्रतिदिन 100 व्यक्तिओं के लिए स्नैक्स, चाय/ कॉफी/ कोल्ड ड्रिंक्स/ मिनरल वाटर की व्यवस्था का कार्य।
16. फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था का कार्य।
17. दो अदद सुरक्षा गार्ड राउन्ड-द-क्लॉक की व्यवस्था का कार्य।
18. फूल की व्यवस्था एवं बुके की व्यवस्था का कार्य।
19. Brochure 10,000 अदद प्रिन्ट कराने का कार्य।
20. स्टॉल के अन्दर 6 फीट गुणा 03 फीट का 20 अदद बोमाइड पैनल का निर्माण कर लगाने का कार्य।
21. विभाग के कार्यो के प्रदर्शन हेतु भौतिक मॉडलों यथा कॉसलिंग सेंटर, आई0 टी0 डेस्क काउन्टर इत्यादि (लैपटॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रिन्टर कार्टिज, पेपर एवं स्टेशनरी, इन्टरनेट की व्यवस्था के साथ) का कार्य।
22. भौतिक मॉडलों के सुसज्जीकरण, अधिष्ठापन एवं प्रदर्शन का कार्य।
23. पवर बैकअप, अग्निशमन एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था का कार्य।
24. यथा आदेशित अन्याान्य संबंधित कार्य।

प्रधान सचिव
श्रम संसाधन विभाग
बिहार, पटना।